कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर

प्रेस- नोट, जनपद फतेहपुर

दिनांक 01.05.2026

थाना खागा पुलिस द्वारा वांछित/इनामिया अभियुक्त को आश्रय एवं आर्थिक सहायता देने वाले अभियुक्त की गिरफ्तारी, कब्जे से मोबाइल बरामद

घटना का संक्षिप्त विवरणः- दिनांक 30.04.2026 को थाना खागा पर वादी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 115/2026 से संबंधित वांछित/इनामिया अभियुक्त बबलू सिंगरौर को आश्रय देने एवं आर्थिक सहायता प्रदान करने के संबंध में मु0अ0सं0 123/2026 धारा 249(बी) बीएनएस बनाम जुगेश सिंह पुत्र स्व0 पंचम सिंह निवासी मोहल्ला गढ़ी कस्बा व थाना खागा, जनपद फतेहपुर, उम्र लगभग 34 वर्ष, मूल निवासी ग्राम पौली थाना खखरेरू जनपद फतेहपुर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का विवरणः- श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के पर्यवेक्षण तथा पुलिस उपाधीक्षक खागा के कुशल नेतृत्व में थाना खागा पुलिस द्वारा उक्त अभियोग में विवेचनात्मक कार्यवाही एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर दिनांक 01.05.2026 को समय 02:45 बजे कटोघन टोल प्लाजा के पास हाईवे से वांछित अभियुक्त जुगेश सिंह उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

पूछताछ का विवरणः- गिरफ्तार अभियुक्त जुगेश सिंगरौर द्वारा बताया गया कि बबलू सिंगरौर जो मेरे मोहल्ले का है तथा मेरा ड्राइवर है। बबलू, युवराज व ललित ने मिलकर दिनांक 24.04.2026 को एक लड़की के साथ घटना किये थे जिसके बारे मे बबलू ने मुझे बाद मे बताया व मुझसे पैसे मांगे तो मैने दिनांक 25.04.2026 को 10,000/- रुपये एमएस अमर सिंह इलेक्ट्रानिक्स के खाते मे अपने फोन पे के माध्यम से भेज दिये तथा बबलू को बता दिया जहां से बबलू ने नगद 10,000/- रुपये ले लिये थे। फिर मेरी व बबलू की बात चीत हुई कि तुम यहां से हट जाओ जैसा भी होगा मै तुमको बताता रहूंगा।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताः-

1.जुगेश सिंह पुत्र स्व0 पंचम सिंह निवासी मोहल्ला गढ़ी कस्वा व थाना-खागा जनपद फतेहपुर उम्र 34 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः-

कटोघन टोल प्लाजा के पास हाईवे पर, दिनांक 01.05.2026 व समय 02.45 बजे।

बरामदगी का विवरणः-

1.एक मोबाइल।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 दिनेश कुमार सिंह चौकी प्रभारी मझिलगांव थाना खागा फतेहपुर

2.उ0नि0 सौरभ कुमार सरोज

3.का0 हर्ष तोमर

4. का0 सुजीत कुमार